


नवभारत
भोपाल, बुधवार, 19 नवंबर, 2025


# मक्का के सस्ते दामों को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

## नाराज अन्नदाताओं ने मंडी गेट पर दिया धरना, कहा- नमी नापने वाली मशीन भी कर रही छलावा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मक्का की बंपर आवक के बीच रेट कम मिलने से किसानों में रोष है और यह रोष वक्त वक्त पर सामने आ जाता है। ऐसी रोष मंगलवार को सामने आया है, जहां मक्का की कम कीमत मिलने से से नाराज किसानों ने मंडी गेट के सामने चक्काजाम कर दिया। तो वहीं चक्काजाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और मंडी सचिव ने किसानों को समझाइस दी, जिसके बाद किसान चक्काजाम से हटे और यातायात पूर्व की भांति सुचारू रूप से चालू हुआ।

प्रदर्शन कर रहे किसानों का आरोप था कि व्यापारी मनमाने दाम पर मक्का खरीद रहे हैं। नीलामी 1000 से 1100 प्रति क्विंटल से शुरू होती है और अधिकतम 1300 से 1400 प्रति क्विंटल तक ही खरीदी जा रही है। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है। साथ ही अन्य किसानों ने बताया कि मक्का में नमी जांचने



वाली मशीनों में अलग-अलग रीडिंग बताई जा रही है, जिससे उन्हें गुमराह किया जा रहा है।

**समझाइस के बाद हटे किसान:** चक्काजाम की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान, यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर, देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही नायब तहसीलदार और मंडी सचिव भी किसानों से चर्चा करने पहुंचे। जहां किसानों ने मांग रखी कि नवंबर माह में आ रही मक्का सूखी होने के बावजूद उसे गीला बताकर कम दामों में खरीदा जा रहा है। वहीं किसानों ने मक्का की बोली कम से कम 1500 प्रति क्विंटल से शुरू करने की मांग की। साथ ही नमी जांचने वाली मशीनों का इस्तेमाल न करने की भी बात कही। वहीं अधिकारियों ने किसानों की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने सड़क से जाम हटा लिया।

### मक्का खरीदी में दोहरे भाव पर किसानों का हंगामा, मुंगावली-पिपरई मार्ग पर चक्काजाम



**मुंगावली।** मंगलवार को मंडी में मक्का खरीदी के दौरान उस समय हंगामा हो गया जब एक किसान की फसल के व्यापारियों द्वारा दोहरे भाव लगाए गए। जिससे नाराज किसानों ने मुंगावली-पिपरई मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। मामला ग्राम रुहाना के किसान जगराज सिंह यादव का है जो अपनी मक्का दो ट्रॉली में लेकर मंडी पहुंचा था। पहली ट्रॉली का भाव 1335 रुपये और दूसरी का 1265 रुपये लगाया गया, जिस पर किसान ने कड़ी आपत्ति जताई। किसानों का कहना था कि दोनों ट्रॉली एक ही खेत एक ही किसान की मक्का है। मक्का अधिक होने के कारण एक ट्रॉली में नहीं आई इसलिए दो ट्रॉली में भरकर लाए थे, फिर भी व्यापारियों ने अलग-अलग रेट लगा दिए। इस बात से नाराज़ किसानों के विरोध के बीच व्यापारी डाक छोड़कर मौके से चले गए। वहीं व्यापारियों के डाक छोड़कर चले जाने किसानों का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने मुंगावली-पिपरई मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। वहीं सूचना मिलते ही तहसीलदार सोनम शर्मा, एसडीओपी सनम बी खान, थाना प्रभारी जोगिंदर सिंह यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइस दी। किसानों ने मंडी व्यवस्था को लेकर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मंडी में रजिस्टर्ड व्यापारी तो कई हैं लेकिन बोली के समय कुछ चुनिंदा व्यापारी ही आते हैं। इसी कारण किसानों की फसल मनमाने दामों पर खरीदी जाती है। अधिकारियों द्वारा समझाइस देने पर किसानों ने जाम समाप्त किया, इसके बाद बोली प्रक्रिया पुन: प्रारंभ हो सकी। प्रशासन ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।



# राम जानकी मंदिर चोरी का खुलासा

**चांदी का मुकुट बरामद, दो शातिर आरोपी गिरफ्तार**

**कोतवाली पुलिस ने दिखाई तत्परता**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अशोकनगर पुलिस ने शहर में सनसनी फैलाने वाली राम जानकी मंदिर चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी गया चाँदी का मुकुट बरामद कर लिया है और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों राम जानकी मंदिर, मोती मोहल्ला पुराना बाजार अशोकनगर में स्थित हनुमान जी की मूर्ति पर लगा चाँदी का मुकुट अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए, कोतवाली पुलिस को गांधी चौराहा अशोकनगर में दो-तीन संदिग्ध व्यक्तियों के घूमने की सूचना मिली। थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान ने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। पुलिस को देखते ही संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने चारों दिशाओं से घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। थाने लाकर गहन पूछताछ करने पर, गिरफ्तार व्यक्तियों ने अपना नाम साहिद पुत्र अकरम खान (23 वर्ष, निवासी कोलारस, शिवपुरी) और सालिक राम पुत्र देवीलाल सोनी (निवासी मोती मोहल्ला, अशोकनगर) बताया। सख्ती से पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि आरोपी साहिद खान ने दिनांक 22 अगस्त 2025 को राम जानकी मंदिर से हनुमान जी की मूर्ति पर लगा चाँदी का मुकुट चोरी किया था, जिसे बाद में उसने दूसरे आरोपी सालिक राम सोनी को बेच दिया था। निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान ने वरिष्ठ अधिकारियों (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी विवेक शर्मा) के मार्गदर्शन में तत्काल टीम का गठन कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया चाँदी का मुकुट पूर्ण रूप से बरामद कर लिया गया है। शहर में सनसनी फैलाने वाले इस मामले के खुलासे पर एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चौहान, सहयाक उप निरीक्षक. दशरथ सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक भागीरथ लोधा, लखन खटीक, दिनेश कुशवाह, गजेंद्र सिंह चित्तौड़िया, आरक्षक अभयराज, कृष्ण कुमार और महेश बघेल की तत्परतापूर्ण कार्रवाई की प्रशंसा की है।

### अब सुबह 9 बजे से लगेंगे स्कूल

**अशोकनगर।** जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के सभी शासकीय, अशासकीय और मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में कक्षाएं अब सुबह 9 बजे से शुरू होंगे। वहीं कक्षा 9वीं से 12 वीं तक की कक्षाएं पहले से निर्धारित समय पर ही संचालित होंगी। इसके अतिरिक्त, पूर्व निर्धारित परीक्षाएं अपनी मूल समय सारिणी के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी, उनमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

## एक नजर में



### डेंगा पंचायत में आदिवासियों को सरसों और मसूर का बीज निःशुल्क वितरित

**नवभारत अशोकनगर।** मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शों के अनुसार, आदिवासी एवं ग्राम पंचायत के किसान भाइयों को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से आज अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील की ग्राम पंचायत डेंगा मोहचार में सरसों और मसूर के बीज का निन्शुल्क वितरण किया गया। मंगलवार के दिन मिनिकिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने किसानों को बीज वितरित किए। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में, आदिवासियों को सरसों का बीज वितरित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष केशवराव जोशी, मंडल अध्यक्ष महादेव सिंह यादव, एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच प्राण सिंह पाल, सचिव शिवराज सिंह रघुवंशी, कृषि विभाग के सभी अधिकारी और ग्राम पंचायत के पंच भी मौजूद थे। विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि शासन का उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराकर उनकी फसल उत्पादकता बढ़ाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

### अमानक पाए जाने पर विभिन्न आयुर्वेद औषधियों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध

**अशोकनगर ।** जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेन्द्र रघुवंशी द्वारा बताया गया कि दवाओं को शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला ग्वालियर को प्रेषित किए गए औषधि नमूनों को परीक्षण परिणाम हेतु भेजे गए थे। जिनमें से ड्रग्स एंड कॉस्मेटिकस एक्टं 1940 नियम 1945 की धारा 33 ईई के तहत अमानक पाए गए औषधि गिलोय सत्व , काम दुधारस ,कफ कुठार रस ,लक्ष्मी विलास रस, प्रबाल पिष्टी तथा मुक्ता शुक्ति उक्त कंपनी के बैज नंबर की औषधियों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाता है एवं क्रय विक्रय किए जाने पर नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### पराली जलाने पर 5 लोगो पर जुर्माना

**अशोकनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग चंदेरी मनीष धनगर द्वारा तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर 5 व्यक्तियों पर पराली जलाने के कारण 2500 रुपए के मान से 12500 रूपये अर्थदण्ड आरोपित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि तहसीलदार चन्देरी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम महोली निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र रघुवीर सिंह जाति यादव, कृष्ण कुमार पुत्र कुलदीप सिंह जाति पुन्डीर एवं मनजीत गौर पत्नि सहदेव सिख एवं ग्राम पिपरोद निवासी प्रमोद पुत्र भज्जू पाल तथा ग्राम छपरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 372/1/2 रकवा 0.209 हेक्टेयर में पराली जलाये जाने के कारण प्रत्येक व्यक्ति के मान से 2500 रूपये जुर्माने लगाया गया है।

# अशोक नगर जिला अस्पताल बदहाल

## विधायक हरिबाबू राय ने जताई चिंता, बोले-मुख्यमंत्री को कराएंगे अवगत

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** क्षेत्रीय विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने आज अचानक जिला अस्पताल का दौरा किया और वहां की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर गहरी चिंता एवं नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने अस्पताल पहुँचकर मरीजों से मुलाकात की और उनके परिजनों से उनके स्वास्थ्य व इलाज के विषय में जानकारी ली।

अस्पताल के भ्रमण के दौरान, विधायक हरिबाबू राय ने पाया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं, संसाधनों की भारी कमी है, जिससे आमजन को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि इन सभी समस्याओं को लेकर वह जल्द ही कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराएंगे और ठोस समाधान की मांग करेंगे।

विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने जिला अस्पताल मेंप्रमुख समस्याओं को चिह्नित किया और उन पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि अस्पताल का ट्रॉमा सेंटर पूरी तरह निष्क्रिय है, जिसके कारण गंभीर घायलों के लिए कोई विशेष सुविधा उपलब्ध नहीं है। विधायक ने



कहा कि डॉक्टरों की अत्यधिक कमी के कारण अक्सर मौके पर दो-चार डॉक्टर ही मौजूद रहते हैं, जिससे इमरजेंसी में हालात अक्सर बिगड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई एक दुखद घटना, जिसमें समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण मरीज की मौत हुई थी, यह डॉक्टरों की कमी का ही परिणाम है। विधायक ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि आँखों के डॉक्टर की लंबे समय से अनुपलब्धता के कारण सैकड़ों मरीजों को भारी परेशानी हो रही है।

**मरीजों को नहीं मिल रही एंबुलेंस:** रेफर मरीजों के लिए समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाती है, जिसके कारण कई बार बहुमूल्य समय बर्बाद हो जाता है और अब तक कई लोग समय पर इलाज न मिलने से अपनी जान गंवा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में साफ-सफाई, उपकरण, स्टाफ की संख्या और जिम्मेदारी की भारी कमी आम समस्या बनी हुई है।

**स्वास्थ्य सेवाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं:** विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने सख्त लहजे में कहा कि जनता की स्वास्थ्य सेवाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यवस्था में सुधार अनिवार्य है और इसके लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने दोहराया कि वह इन सभी समस्याओं को जल्द ही कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराएंगे और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग करेंगे। विधायक के इस निरीक्षण और सख्त रुख के बाद उम्मीद है कि जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं में जल्द ही सुधार होगा।

# देवखेड़ी के युवाओं को मिला सपनों का मैदान

**टेनिस, क्रिकेट टर्फ का हुआ भव्य उद्घाटन**

**सरपंच प्रतिनिधि के विशेष प्रयास से मिली पिच**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर** जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवखेड़ी के युवाओं को अब क्रिकेट खेलने के लिए एक उत्कृष्ट मैदान मिल गया है। ग्राम देवखेड़ी में एक अत्याधुनिक टेनिस क्रिकेट टर्फ पिच का निर्माण पूरा होने के बाद, इसका उद्घाटन ग्राम पंचायत आवरी के सरपंच प्रतिनिधि विजय बैरागी के द्वारा किया गया। यह पिच सरपंच प्रतिनिधि विजय बैरागी के व्यक्तिगत प्रयासों और स्थानीय खिलाड़ियों के सहयोग से पूरी हुई है। पिच निर्माण पूर्ण होने



के पश्चात, पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई और इसके बाद सरपंच प्रतिनिधि विजय बैरागी ने फीता काटकर पिच का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों और ग्राम वासियों ने विजय बैरागी का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत और सम्मान किया, तथा इस पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया। मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों में अभिषेक पटेल, पुनीत गौतम, अजय, अभिषेक आदि ने पिच निर्माण कराए जाने पर अपनी खुशी जाहिर की और बैरागी को बधाइयां दीं। इस नए मैदान से क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का अवसर मिलेगा।

# चंदेरी में होगी इस बार तेलुगू फिल्म की शूटिंग

**शूटिंग होने से स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार**

**स्त्री 2 ने गाड़े थे सफलता के झंडे**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले की ऐतिहासिक नगरी चंदेरी एक बार फिर बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। बॉलीवुड की सफल फिल्में स्त्री, स्त्री-2 और सूई धागा की सफल शूटिंग के बाद, अब यह नगरी एक तेलुगू फीचर फिल्म के फिल्मांकन का गवाह बनेगी, जिससे स्थानीय पर्यटन और व्यापार को नया संबल मिलने की उम्मीद है।

श्रीनिवास मंगापुरम नामक इस तेलुगू फिल्म की शूटिंग 21 नवंबर से शुरू होकर लगातार 13 दिनों तक चलेगी और इसका समापन 3 दिसंबर को होगा। फिल्म यूनिट द्वारा शहर में युद्ध स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। फिल्म के लिए चंदेरी के कई प्रमुख और आकर्षक स्थानों का चयन किया गया है, जिनमें मेन बाजार (सदर बाजार), गणेश मंदिर, राजारानी महल रोड, धुवयाना क्षेत्र, निजामुद्दीन चौराहा से धुवयाना रोड, बूढ़ी चंदेरी दिगंबर जैन मंदिर एवं मंदिर रोड, कुवरसाब हवेली, परमेश्वर तालाब, बिग डोर हाउस, मुख्य सड़क और वायपास रोड शामिल हैं। शूटिंग के दौरान इन लोकेशन्स पर स्थानीय लोगों और कलाकारों की भी मौजूदगी रहेगी।

**स्त्री-2 के बाद फिर लौटेगी रौनक**

हाल ही में स्त्री-2 की शूटिंग के बाद चंदेरी सोशल मीडिया और यूट्यूब ब्लॉग्स में लगातार चर्चा का केंद्र बनी हुई थी। उस दौरान देशभर से व्लॉगर, कंटेंट क्रिएटर और पर्यटक यहां आए, जिससे स्थानीय पर्यटन को जबरदस्त बढ़ावा मिला था। अब तेलुगू फिल्म की शूटिंग से चंदेरी में एक बार फिर फिल्मी रौनक लौटेगी। स्थानीय निवासियों को आशा है कि इस शूटिंग के चलते शहर के पर्यटन, होटल व्यवसाय और स्थानीय रोजगार को एक नया सहारा मिलेगा और चंदेरी की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी।

# कलेक्टर आदित्य सिंह ने जन सुनवाई में सुनी 272 समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुना और उनके निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों से कुल 272 आवेदन प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, नगरीय निकाय, श्रम, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि और विद्युत से संबंधित समस्याएँ सामने आईं। कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए।

**व्यक्तिगत समस्याओं पर रहा फोकस:** जनसुनवाई में कई नागरिकों ने अपनी विशिष्ट समस्याएँ रखीं। इनमें, ग्राम बिजौरी निवासी रघुवीर सिंह आदिवासी द्वारा पट्टे की भूमि का अमल कराए जाने; परासरी निवासी ओमकार सिंह द्वारा केवट मोहल्ला माता मंदिर के लिए रास्ता बनवाने और पोषण आहार की राशि दिलाए जाने; गूगोर माफी निवासी कलमा अहिरवार द्वारा फौती नामांतरण सही से कराए जाने; खिरिया देवत निवासी मुन्नीबाई परिहार द्वारा भूमि का सही बटांकन कराए जाने; वार्ड नंबर 8 अशोकनगर निवासी धनबाई अहिरवार द्वारा प्लॉट को ऑनलाइन अभिलेख में दर्ज कराए जाने; अचलगढ़ निवासी शिवराज सिंह द्वारा सीमांकन उपरांत कब्जा दिलाए जाने; खजूरिया कला निवासी देशराज सिंह राजपूत द्वारा शासकीय भूमि पर रास्ता दिलाए जाने; बरखेड़ी निवासी अरविंद जाटव द्वारा पट्टे की भूमि दिलाए जाने; इदौर निवासी मनीराम चिडार द्वारा पशुपालन के लिए लोन दिलाए जाने की मांग की।

## अभियान

### 12 घंटे में देहात पुलिस ने बालक को किया दस्तयाब, तो वहीं 72 घंटे में कोतवाली पुलिस ने किया दस्तयाब

# ऑपरेशन मुस्कान को मिली बड़ी सफलता, नाबालिगों की तलाश में जी-तोड़ मशक्कत

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 01 नवंबर से 30 नवंबर तक चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत, अशोकनगर पुलिस ने एक ही समय में दो बड़ी सफलताएँ अर्जित की हैं। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, कोतवाली और देहात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, अपहरण के दो अलग-अलग मामलों में एक नाबालिग बालिका और दो नाबालिग बालकों को सकुशल दस्तयाब किया है।

थाना कोतवाली पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में 72 घंटों के भीतर सफलता पाई। 14 नवंबर को बोहरे कॉलोनी अशोकनगर से बालिका के अपहरण की



सूचना पर एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कवर और एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में, सउनि देशराज सिंह के नेतृत्व में टीम को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान भेजा गया। साइबर सेल (सउनि. संजय गुप्ता, सउनि. अभिजीत और आर. प्रशांत भदौरिया) की सहायता से साक्ष्य जुटाए गए। लगातार प्रयास के बाद, पुलिस टीम ने अंततः सिंधी बस स्टैंड, जयपुर पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने नाबालिग को सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान समेत पूरी टीम की विशेष भूमिका रही।

**देहात पुलिस ने 12 घंटे में किया दस्तयाब:** दूसरी बड़ी सफलता में, थाना देहात पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर दो नाबालिग बालकों को दस्तयाब किया। दिनांक 17 नवंबर की रात्रि को फरियादी ने अपने 13 वर्षीय बालक और पड़ोसी के 13 वर्षीय बालक के अपहृत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश पर, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा ने त्वरित कार्रवाई की और दोनों नाबालिग बालकों को वायपास पुल अशोकनगर के नीचे से सकुशल दस्तयाब कर लिया। इस त्वरित कार्रवाई में उनि. भुवनेश शर्मा के साथ सउनि. दीवान सिंह, प्रआर. सूरज हषार्ना, प्र.आर. नीरज रघुवंशी और प्र.आर. भूपेन्द्र ओझा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने दोनों मामलों में सराहनीय कार्य करने वाले सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।